**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.07.2024** **19:45 बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- प्रदेश के 3 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होगा मतदान– मुख्यमंत्री ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर का आरोप– कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भय का वातावरण– महिलाओं में असुरक्षा की भावना।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुल्लू जिला के लिए राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत चंबा के तीस्सा व पांगी में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

**मुख्यमंत्री**

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले जाएंगे जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। ऐसे में इन विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार ज़ोरों पर चल रहा है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से कमलेश ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने लगभग डेढ साल के कार्यकाल में 28 हजार से अधिक नौकरियां निकाली है जिनकी भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सरकारी क्षेत्र में और अधिक नौकरियां निकाली जाएंगी और भर्तियों में मैरिट व पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सत्ता में आने के बाद से राज्य के संसाधनों की लूट को बंद करने के लिए प्रयास किए और एक वर्ष में ही दो हजार दो सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्ति राजस्व प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने पूर्व निर्दलीय विधायक

होशियार सिंह पर अहंकार व पैसे के लालच में जनभावनाओं को आहत करने का आरोप भी लगाया।

**अनुराग**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान के तहत स्वाहल, बजूरी, पांडवी, लंबलू और लाहलड़ी में चुनावी जनसभाएं कर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने लोगों आशीष शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील भी की। बाद में हमीरपुर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे झूठी पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ये तीनों विधानसभा उप चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ हो जाने चाहिए थे लेकिन कांग्रेस ने इसमें जानबूझ कर विलंब किया। अनुराग ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 25 हजार करोड़ रूपए का ऋण लिया है और प्रदेश पर अब तक 95 हजार करोड़ रूपए का कुल कर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्यों में सबसे ज्यादा कर्ज हिमाचल प्रदेश पर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भय का वातावरण पैदा हो गया है और बहन बेटियों में असुरक्षा की भावना है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने विकास कार्यों के लिए जानी जाती है जबकि कांग्रेस ने हमेशा ही विकास कार्यों पर अडंगा लगाने और उसे रूकवाने का काम किया है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से कुल्लू जिला के लिए राहत सामग्री के साथ वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राहत सामग्री में स्वच्छता किट, तिरपाल, किचन सेट और कंबल शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बीते वर्ष भारी बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए इस वर्ष हर स्तर पर पूरी तैयारी, सावधानी और सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा भी उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि ऐसी संभावित स्थिति में लोगों को तुंरत राहत उपलब्ध करवाई जा सके। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि पिछले एक वर्ष में राज्य रेड क्रॉस ने विभिन्न जिलों में राहत के तौर पर 3 हजार 4 सौ 38 स्वच्छता किट, एक हजार एक सौ 89 कंबल और दो हजार 57 तिरपाल सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राहत सामग्री सबसे पहले कुल्लू जिला को भेजी गई है और इसी तरह अन्य जिलों में भी

राहत सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्यपाल ने बरसात के मौसम के दौरान स्थानीय लोगों व पर्यटकों से सतर्क रहने और नदी–नालों के किनारे न जाने का आग्रह किया है।

**समझौता ज्ञापन**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आज शिमला में गैर सरकारी संस्था बाल रक्षा भारत के साथ गैर वित्तीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सहभागिता से आपदा व अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में बाल केंद्रित आपदा प्रबंधन रणनीति बनाने और बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण करने में मदद मिलेगी। यह समझौता 6 जुलाई 2029 तक प्रभावी होगा। इस समझौते के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा व उनके संरक्षण के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं की भी इसमें अहम भूमिका होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अध्यापकों और आशा कार्यकर्ताओं के समन्वय से ऐसा तंत्र विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि आपदा के दौरान बच्चों के लिए जीरो डे लॉस और जीरो डेथ अवधारणा सुनिर्श्चित की जा सके।

**सम्पूर्णता अभियान**

नीति आयोग द्वारा देश के पांच सौ आकांक्षी ब्लॉकों और एक सौ 12 आकांक्षी जिलों के 12 प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों के लिए एक राष्ट्रव्यापी संपूर्णता अभियान शुरू किया गया है। ये अभियान 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक चलेगा। तीन महीने तक चलने वाले इस व्यापक अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास, शिक्षा सहित कई विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। प्रदेश के आकांक्षी ज़िला चंबा में भी इस अभियान की शुरूआत की गई है और जिले के तीस्सा व पांगी ब्लॉकों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आकांक्षी ब्लॉक तीसा में आज नीति आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चुराह उपमंडल के एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि सम्पूर्णता अभियान के माध्यम से आगामी तीन महीनों में 6 प्रमुख संकेतकों पर कार्य करना है।

इस अवसर पर नीति आयोग से आए विशेष सलाहकार अमितेश पांडे और जिला योजना अधिकारी जीवन सिंह भी मौजूद रहे।

इस बीच आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत आवासीय आयुक्त पांगी रितिका जिंदल ने आज आकांक्षी ब्लॉक पांगी में सम्पूर्णता अभियान की शुरूआत की। इस दौरान नीति आयोग द्वारा निर्धारित 6 प्रमुख संकेतकों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। आवासीय आयुक्त ने

सभी विभागों को सम्पूर्णता अभियान की शपथ भी दिलाई और नीति आयोग द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

## नीट–पीजी परीक्षा

नीट–पीजी प्रवेश परीक्षा 2024 अगले महीने की 11 तारीख को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने आज परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा को पिछले महीने परीक्षा की निर्धारित तिथि से एक दिन पहले स्थगित कर दिया गया था। यह निर्णय कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता को लेकर लगे आरोपों को ध्या्न में रखते हुए लिया गया।

## बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि पार्टी का चुनाव प्रचार तेज गति से चल रहा है और तीनों विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनाव में भाजपा जीत हासिल करेगी। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार कर्मचारियों को डराने धमकाने का काम कर रही है। बिंदल ने कहा कि उप चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस द्वारा किए जा रहे झूठे वायदों को जनता समझ चुकी है और लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस की झूठ की नीति पूरी तरह फेल हो गई। उन्होंने कहा कि देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर तीनों ही विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ेगा।

## डाक अदालत

डाक विभाग द्वारा प्रदेश के परिमण्डल कार्यालय और अधीनस्थ सभी प्रवर अधीक्षक, अधीक्षक डाकघरों के मण्डलीय कार्यालयों में 8 जुलाई को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। डाक अदालत मे लोगों की डाक सम्बन्धी शिकायतें सुनी जाएंगी।

## जागरूकता शिविर

भारत सरकार के महिला व बालविकास विभाग के अंतर्गत मिशन शक्ति संकल्प योजना के तहत आज आईटीआई शिमला में भारतीय न्याय संहिता पर एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान शिमला जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल प्रशिक्षुओं को भारतीय न्याय संहिता व मिशन शक्ति के तहत चल रही विभिन्न गतिविधियों के संबंध में

विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के तहत केंद्र सरकार द्वारा 21 जून से चार अक्तूबर तक सौ दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## मुख्य समाचार

- प्रदेश के 3 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को होगा मतदान– मुख्यमंत्री ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर का आरोप– कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में भय का वातावरण– महिलाओं में असुरक्षा की भावना।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कुल्लू जिला के लिए राहत सामग्री के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत चंबा के तीस्सा व पांगी में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।